पत्रिका

देश में घूम घूम कर दे रहे ये संदेश, सीकर पहुंचे तो हुआ शानदार स्वागत

Vinod Singh Chouhan | Publish: Jan, 07 2019 05:00:53 PM (IST) | Updated: Jan, 07 2019 06:41:19 PM (IST)
Sikar, Sikar, Rajasthan, India

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा आयोजित स्वस्थ भारत यात्रा के तहत रविवार को स्वस्थ भारत यात्रा प्रभात फेरी निकाली गई।

सीकर.

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा आयोजित स्वस्थ भारत यात्रा के तहत रविवार को स्वस्थ भारत यात्रा प्रभात फेरी निकाली गई। फेरी एसके अस्पताल से जाट बाजार तक निकाली गई। प्रभात फेरी के शुभारंभ पर जिला कलक्टर नरेश कुमार ठकराल ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य ही हमारी सच्ची दौलत है। हम जैसा अन्न खाएंगे वैसा ही हमारा तन और मन बनेगा। व्यक्ति का पहला सुख ही निरोग रहना है। रैली को जिला कलक्टर, सीएमएचओ डॉ अजय चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान यात्रा प्रभारी मृत्युंजय आनंद, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ हरिसिंह, नेहरू युवा संस्थान सचिव बीएल मील, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सीपी ओला, डॉ.एसपी कुड़ी, कबीरा ग्रुप एमडी डॉ मनोज मुरारका, जिला खाद्य अधिकारी रतनसिंह गोदारा, फूलसिंह बाजिया, प्रदीप चाहर, आशा समन्वयक केड़ी पारीक सहित सहित अन्य मौजूद रहे। जाट बाजार में समापन समारोह पर अपने संबोधन में शल्य चिकित्सक डॉ जीएल राठी ने स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। उन्होंने खाने में चीजों का सही चयन के बारे में बताया। यात्रा प्रभारी ने बताया कि 16 अक्टूबर 2018 से भारत के छह अलग-अलग जगहों से शुरू हुई यह यात्रा भारत के अलग अलग क्षेत्रों से गुजरती हुई 18000 किलोमीटर की यात्रा कर 27 जनवरी को दिल्ली पहुंचेगी। कार्यक्रम में सीकर जिला व्यापार महासंघ के महामंत्री प्रदीप पारीक, कबीरा ग्रुप के एमडी डॉ मनोज मुरारका ने भी अपने संबोधन में युवाओं को संबोधित किया। इस मौके पर डॉ दिव्या कचोलिया , डॉ जितेंद्र कचोलिया, गिरधारी चौधरी, मदनलाल शर्मा, अनिल जैन नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक मनोज भामू, सुभाष नेहरा एवं धर्मेंद्र आदि मौजूद रहे।